कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001

ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन/फैक्स 0135-2608646

उत्तराखण्ड शासन

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 3201 दिनांक : 21 मार्च, 2020

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

विषय : COVID-19 रोकथाम अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रयासों/कन्ट्रोल रूम आदि को सुदृढ करने विषयक।

महोदय/महोदया,

आप विज्ञ है कि हम सभी COVID-19 संक्रमण अभियान में संलग्न है। संक्रमण रोकथाम के इस चरण में यह अति आवश्यक है कि न केवल सम्भावित रोगियों को तत्काल जांच एवं अन्य प्रक्रिया हेतु चिकित्सालय ले जाने के लिए एम्बूलैंस की व्यवस्था की जानी है, साथ–साथ पूर्व से संक्रमित (पाजिटिव) रोगियों के सम्पर्क में आये व्यक्तियों के सतत पर्यवेक्षण हेतु अधिक गैर चिकित्सकीय क्षेत्र भ्रमण दल की भी व्यवस्था की जानी है। अतः निम्न विन्दुओं पर तत्काल आपके व्यक्तिगत ध्यान की आवश्यकता है :

- जनपद/ब्लाक स्तर पर उचित मात्रा में एम्बूलैंस की व्यवस्था की जानी है जिससे सम्भावित संक्रमित व्यक्तियों की जांच हेतु चिकित्सालय लाये जाने हेतु कोई विलम्ब न हो।
- पूर्व से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आये व्यक्तियों से तथा विदेश से आये व्यक्तियों की उनके होम क्यारनटाइन के अन्तर्गत अगले 28 दिनो तक लक्षणों के प्रकट होने अथवा न होने की नियमित जांच की जानी है। इस हेतु तथा/अथवा संस्थागत क्वारेंटाइन की व्यवस्था हेतु एक अतिरिक्त गैर चिकित्सकीय दल की व्यवस्था की जानी है जिसमे जनपद/ब्लाक/ग्राम स्तर के अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी यथा आवश्यकता योचित पूर्व से चिन्हित किया जाना है।
- इस संक्रमण रोकथाम के अन्तर्गत किसी भी अन्य आवश्यकता पडने पर जनपदीय कन्ट्रोल रूम/मुख्य चिकित्साधिकारी को सहयोग प्रदान किया जाना है।
- इसी क्रम मे पूर्व से संचालित COVID-19 on line portal के अतिरिक्त निर्धारित प्रारूप पर नित्य रिपोर्टिंग की जानी है जिसकी सूचना प्रतिदिन सायं 4 बजे तक की जानी है :

जनपदों द्वारा भेजे गये सैम्पल		24X7 कन्ट्रोल रूम संचालन ईन्चार्ज का नाम, मोबाईल न0 (दैनिक ईन्चार्ज)	जनपद में दैनिक प्रेक्षण मे रखे गये सम्पर्क व्यक्ति	जनपद मे दैनिक प्रेषण के अन्तर्गत देखे गये रोगी	जनपद मे आइसोलेशन बेड		जनपद मे पी0पी0ई0 किट/एन0 95 मास्क की उपलब्धता
निगेटिव	पाजिटिव						
					कुल	खाली	

भवदीय

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 3202
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
3. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned by CamScanner